## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **संसद का बजट सत्र कल से होगा शुरु, सत्र के सुचारु संचालन के लिए सरकार आज नई दिल्ली में कर रही है सर्वदलीय बैठक।**

2. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खनिज मिशन पर केंद्रीय कैबिनेट के फैसले की सराहना की, कहा– देश में उच्च तकनीकी, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा और अन्य प्रमुख उद्योगों को मिलेगा प्रोत्साहन।**

3. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल और धर्मेन्द्र प्रधान से की मुलाकात, राज्य के विकास और शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा।**

4. **महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दिल्ली के राजघाट में हुई सर्वधर्म प्रार्थना, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने अर्पित की पुष्पांजलि, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी बापू को किया नमन।**

**और**

5. **रांची में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली अंडर–19 हॉकी प्रतियोगिता में पहले दिन पंजाब, ओडिशा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ ने की जीत से शुरुआत।**

******************

संसद के बजट सत्र से पहले सरकार आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक कर रही है। बैठक में सत्र के सुचारु संचालन और बजट को लेकर सभी पक्षों के साथ समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू, कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश और गौरव गोगोई, तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव, बीजू जनता दल के सांसद सस्मित पात्रा और द्रविड मुनेत्र कडगम के सांसद टी.आर. बालू भाग ले रहे हैं। संसद का बजट सत्र कल से शुरु होगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महत्वूपर्ण खनिजों के बारे में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन से संबंधित मंत्रिमंडल के फैसले से भारत की उच्च प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा और अन्य महत्वपूर्ण उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि एथनॉल खरीद की संशोधित दर से जुड़े फैसले से एथनॉल उत्पादन बढ़ाने और ब्लेडिंग लक्ष्यों को हासिल करने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी, किसान सशक्त होंगे और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

******************

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की एवं राज्य के विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान से भी शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के बीच राज्य की शिक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श हुआ।

******************

राष्ट्र आज महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि दे रहा है। इस अवसर पर आज सुबह नई दिल्ली में गांधी समाधि राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, मनोहर लाल, केन्द्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ, तीनों सेनाओं के प्रमुख और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष भी मौजूद थे। हर साल 30 जनवरी को राष्ट्र महात्मा गांधी की जीवनी व विरासत को स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक के रूप में याद करता है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

******************

झारखंड में भी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनका नमन किया। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श सभी को प्रेरित करते हैं।

******************

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर आज दिन के 11 बजे आकाशवाणी का प्रसारण दो मिनट के लिए बंद रहा। इस दौरान आकाशवाणी रांची के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर बापू के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

*******************

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भगदड़ के कारण झारखंड समेत देश के विभिन्न राज्यों के 30 श्रद्धालुओं की मौत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि ऐसी घटना की पुनरावृति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरुरत है।

*******************

सरायकेला–खरसांवा जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता।

*******************

पुरुष हॉकी इंडिया लीग में कल पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु ड्रैगन्स का श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से मुकाबला होगा, जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब दूसरे सेमीफाइनल में हैदराबाद तूफान्स से भिड़ेगा। इससे पहले कल राउरकेला में तमिलनाडु ड्रैगन्स और सूरमा हॉकी क्लब ने अपने–अपने मैच में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। एक रिपोर्ट

*******************

राष्ट्रीय स्कूली अंडर–19 हॉकी प्रतियोगिता रांची में शुरु हो गया है। प्रतियोगिता के पहले दिन पंजाब, ओडिशा, हरियाणा, छतीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश ने जीत से शुरुआत की। इससे पहले राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता की विजेता टीम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पटमदा की छात्राओं को विभागीय मंत्री रामदास सोरेन ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

*********समाप्त**********